हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–204 : जौनपुर, गुरुवार 18 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी व उत्तराखंड के सीएम धामी की बैठक से सुलझा 21 साल पुराना विवाद

लखनऊ ब्यूरो : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लखनऊ के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने राज्य के अफसरों के साथ बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि बैठक में दोनों राज्यों के बीच 21 साल से चल रहा विवाद खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी ने बड़ा दिल दिखाते हुए विवादों के निपटारे पर अपनी सहमति दी है। दोनों राज्य बड़े भाई–छोटे भाई जैसे हैं। इस निर्णय से दोनों ही राज्यों के लोगों को उनका हक मिलेगा। उन्होंने बताया कि 5700 हेक्टेयर भूमि पर संयुक्त सर्वे होगा। जो जमीन यूपी के काम की है वो यूपी को मिल जाएगी शेष उत्तराखंड को मिल जाएगी। यूपी सरकार बनवास–किच्छा बैराज का पुनर्निर्माण कराएगी। हरिद्वार का होटल उत्तराखंड को मिल जाएगा। किच्छा में बस स्टॉप की जमीन उत्तराखंड को मिल जाएगी। 15 दिन बाद सभी परिसंपत्तियों के विवाद हल हो जाएंगेः धामी। यूपी सरकार ने वाटर स्पोर्ट को भी शुरू करने की अनुमति दे दी है। जबकि कुछ मुद्दों के निपटारे के लिए 15 दिन का समय मांगा गया है। यूपी सरकार उत्तराखंड कोर्ट में चल रहे मुकदमें वापस लेगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 दिन बाद सभी




परिसंपत्तियों के विवाद हल हो जाएंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया और उन्हें धन्यवाद दिया। कहा कि दोनों राज्यों के बीच छोटे–बड़े भाई के संबंधा हैं। मेरा यूपी से पुराना रिश्ता है। मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेज यूपी के हैं। योगी जी ने दिल खोलकर हमारी बातों को माना। हमारा मकसद सभी का सम्मान और सभी का विकास है।

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का विकास खंड मड़ियाहूं में आयोजन संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता विकास खंड मड़ियाहूं में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉक्टर गोरख नाथ पटेल एवं संयोजक खंडशिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं के संरक्षण में पूर्वमाध्यमिक विद्यालय मेहदीगंज में आयोजित हुयी ।जिला व्यायाम शिक्षक रविचन्द यादव एवं रमेशचंद यादव के कुशल देख रेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय शुदनीपुर की बालिकाएं पीटी डंबल एवं लेजिम में प्रथमस्थान प्राप्त कर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मैडल और सील्ड प्राप्त किया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ल ,रायसाहब यादव ,ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक रामप्रसाद यादव,ब्लाक अध्यक्ष यूटा हेमंत सिंह, यादवेंद्र यादव प्रधानाध्यापक अच्छेलाल यादव,शिवकुमार सरोज ,लालबहादुर यादव आनंद यादव श्रीपति



यादव ,सेवालाल पटेल ,ए आरपी सिनिद्ध ,बंशगोपाल दीक्षित ,एनपीआरसी वेदप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## अधेड़ की सिर कूचकर नृशंस हत्या : पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी मामला संदिग्ध

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में किराए के मकान में रह रहे अधेड़ की सिर कूचकर नृसंश हत्या कर दी गयी। सूचना पाते ही मीरगंज पुलिस व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह मौके पर पहुच जांच पड़ताल करने में जूट गए ।प्राम्भिक जांच मे हत्या की आशंका पुलिस जता रही हैं। गुरुवार की सुबह भदोही जिले के एकौनी अभोली निवासी सुरेश कुमार गौतम 42 वर्ष पुत्र बेचन राम गौतम मीरपुर में रहकर मीरगज निवासी मोहम्मद मोबिन बीड़ी वाले की गाड़ी चलाने का काम करता था। मृतक का ननिहाल भटहर निवासी शीतला के यहा है। गुरुवार की सुबह शव पाए जाने से परिजनों समेत आस पास के गांव में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीती रात दिनचर्या के अनुसार वह मशीन घर में सोने चला गया। मौके पर पहुचे मृतक के साले अमाई निवासी रविन्द्र कुमार ने बताया की बुधवार रात आठ बजे बात हुई थी ।तब वह टेंशन मे थे। सुबह बीड़ी डिलीवरी ले जाने के लिए मालिक द्वारा फोन किया गया किंतु उसका फोन नही उठा। जिस पर मालिक के पुत्र मौके पर पहुंचकर उसका क्षत–विक्षत शव देख स्तब्ध रह गया ।जिसकी जानकारी व आसपास के लोगों को देते हुए मकान मालिक को बताया सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल करने में जुट गई है ।मौके पर थानाध्यक्ष मीरगज सुरेश कुमार सिह सीओ अतर सिह पहुच गये है। मृतक




दो बेटे दो बेटी है रोशन कुमार 20 सुनील कुमार 14 पुत्र कुसुम 19 और कंचन 17 है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कमरे से बाहर निकलो कर कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी अतर सिंह में फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड टीम को बुलाया है जिसके आने का इंतजार किया जा रहा है। वही इस संबंधा में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है परिजनों द्वारा तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभिन्न पहलुओं से घटना की जांच पड़ताल कर रही है। शव को कब्जे में ले लिया गया है।

## लापरवाह दुकानदारों के कारण युवा सहित मासूम बच्चों का भविष्य नशे की लत से हो रहा हैं बर्बाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के दुकानदारों की लापरवाही का खामियाजा भोग रहे हैं युवा सहित मासूम बच्चे, धड़ल्ले से सूलेशन व सिरप की बिक्री हो रही हैं जोरों शोर से, जिसका सीधा असर युवा वर्ग एवं मासूम बच्चों पर पढ़ रहा है युवा पीढ़ी एवं छोटे बच्चों का भविष्य नशे की लत से हो रहा हैं बर्बाद, यहि कारण है कि जब नशेड़ियों के पास नशा करने के लिए पैसा नहीं होता है तो वह चोरी चकारी करने से भी परहेज नहीं करते, जो नशे की लत के कारण अपराध कर एक अच्छे खासे अपराधी बन जाते हैं, कम रुपये में नशे का सामान आराम से हो जाता है उपलब्ध, बात करें चाहे जूते चप्पल जोड़ने वाले सूलेशन की या खांसी के सिरप की दोनों नशे से सम्बधित हैं जिसे दुकानदार धड़ल्ले से बेच रहे हैं जिसकी अच्छी खासी रकम उपलब्ध हो रही दुकानदारों को, नशे का सिरप की बिक्री करते हुए दुकानदार को वीडियो में देखा जा सकता है कि कितनी आराम से दुकानदार बिना पर्चे के भी खरीदार को सिरप दे रहा हैं। वही दूसरी तरफ सुलेशन को प्लास्टिक की थैली मे डाल कर मासूम बच्चे कैसे नशा कर रहे हैं यह चिंतनीय विषय हैं जो जांच का विषय हैं? दुकानदार एवं मेडिकल संचालक को नशे के आदि युवा एवं मासूम बच्चों को भली–भांति जानता और पहचानता है जिसे बड़े आराम से कफ सिरप/टेबलेट व सुलेशन जो नशे के लिए खरीदारी के लिए पहुचते है और दुकानदार उन्हें वह बड़े आराम से दे देता है जिसके बदले में उन लापरवाह दुकानदारों को इन नशे के सामान को बेच कर अच्छी कमाई हो जाती हैं और नशेड़ी आराम से अपना





नशा पूरा भी कर लेता हैं, लेकिन कभी भी लापरवाह दुकानदारों ने यह नहीं सोचा है कि उनका भविष्य किस ओर जा रहा है?

विगत कुछ वर्षों में नशे के व्यापार में अनगिनत बढ़ोतरी देखी जा सकती हैं जिसकी वजह से युवाओं का भविष्य पूरी तरह से चौपट हो रहा है, मजे की बात तो यह हैं कि मेडिकल स्टोर संचालक बिना डाक्टर के लिखे खांसी की सिरप और सुलेशन बेचने वाले उन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान से इस प्रकार नशे के सामान की बिक्री इतने धड़ल्ले से कैसे कर रहे है, जो जांच का विषय है जिसके लिए जिला प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, अब देखना यह है कि जिला प्रशासन ऐसे दुकानदारों पर किस प्रकार की कार्यवाही करेगा,यदि समय रहते शासन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आधी से ज्यादा आबादी इस प्रकार के नशे की चपेट में आ सकती है, जो बेहद चिंतनीय विषय है।

## ट्रक और बोलेरो की टक्कर मे 6 घायल : दो गंभीर हालत में रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी–लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के बीबनमऊ गांव के पास सुबह ट्रक और बोलरो की आमने–सामने हुई जोरदार टक्कर में 6 लोग गम्भीर रुप से जख्मी हो गये ।जिसमें दो लोगो की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मछलीशहर थाना क्षेत्र के भाऊपुर गांव निवासी श्री प्रकाश शर्मा को परिजन दवा दिलवाने बीएयू वाराणसी जा रहे थे कि तभी जलालपुर थाना क्षेत्र के बीबनमऊ गांव के पास रास्ते मे विपरीत दिशा से आर रही ट्रक से बोलरो की टक्कर हो गयी। कर होते ही घोड़े पर सवार सभी लोग बचाव के लिए चिल्लाने लगे घायलों की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर जुट गये फिर किसी तरह से घायलों को बोलरो से बाहर निकाला गया। घटना के सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने एम्बूलेंस 108 से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रेहटी पर भर्ती कराया ।घायलों मे बोलरो चालक राम सिंह (बरईपार) ललित शर्मा ,रणजीत शर्मा (फतेहगंज ,बक्सा),शैलकुमारी ,प्रकाश शर्मा, विशाल कुमार शर्मा,(निवासी भाऊपुर) बताये गये है। घायलों मे श्री



प्रकाश शर्मा और विशाल को गंभीर हालत मे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि बोलेरो और ट्रक में आमने–सामने भिड़ंत हुई है जिसमें 6 लोग घायल हैं। जिनको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। 2 को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक को मौके से कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है स्थिति सामान्य है।

## रणनीति सत्य पर आधारित हो: गिरीश नारायण पांडेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को विन स्ट्रेटजी फॉर इफेक्टिव लीडरशिप विषय पर राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता आयकर विभाग के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर गिरीश नारायण पांडेय ने कहा कि पीड़ा ,वेदना , उपहार हैं ईश्वर के वेदना से संवेदना पनपती है। संवेदना का विस्तार करने से सकारात्मक ऊर्जा आती है। उन्होंने कहा कि रणनीति बनाते समय आंखें और मस्तिष्क खुला होना चाहिए। रणनीति सत्य पर आधारित होनी चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि प्रभावी रणनीति , सफल नेतृत्व वह है जो सब को संवेदना से जोड़ दें। कुर्सी के साथ न्याय होना चाहिए शिक्षा के साथ समझौता नहीं होगा ! सरल रास्ते पर चलने वाले जीवन में सफल नहीं होते ! संतों का प्रबंधन सीखे! ईश्वर को आभार दें । उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में प्रबंधकों को कंपनी की सफलता के अलावा अपनी



सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करना चाहिए। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए व्यवसाय प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर मुराद अली ने कहा कि विभाग ऐसे कार्यशाला कराने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रबंधान कौशल की गुणवत्ता की जानकारी हो। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़ अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि व्यवसायिक निगमों को अपनी रणनीति बनाते समय यह ध्यान देना चाहिए कि पर्यावरण को कुछ नुकसान न हो। कार्यशाला का संचालन डॉ. मुराद अली ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुशील कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो.मानस पांडेय, प्रो. राम नारायण, प्रो.राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ नूपुर तिवारी, प्रमोद यादव , डॉक्टर रसिकश, डॉ संदीप सिंह , अमित वत्स आदि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दिसंबर के अंत में कानपुर मेट्रो का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री मोदी!

आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर मेट्रो का शुभारंभ करेंगे। वर्तमान में आईआईटी से मोतीझील के बीच 9 किलोमीटर लंबे प्राथमिक सेक्शन पर मेट्रो चलेगी। कानपुर मेट्रो के प्राथमिक सेक्शन को पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001 एवं संरक्षा प्रबंधन के लिए आईएसओ 45001 प्रमाण पत्र मिल चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ कानपुर मेट्रो की ट्रेनें पूरी तरह से मेक इन इंडिया है और इन्हें गुजरात




में बड़ोदरा के निकट स्थित सांवली में बने प्लांट में तैयार किया जा रहा है। ईट्रेन रीजेनरेटिव ब्रेकिंग तकनीक से ऊर्जा संरक्षण की दक्षता के साथ–साथ वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अत्याधुनिक प्रापल्शन सिस्टम से भी लैस है। इन ट्रेनों में कार्बन डाइऑक्साइड सेंसर आधारित एयर कंडीशनिंग सिस्टम होगा जिससे ऊर्जा की बचत होगी। ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन को ध्यान में रखते हुए ये ट्रेनें संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली से चलेंगी। कानपुर मेट्रो की ट्रेनों की यात्री क्षमता लगभग 974 यात्रियों की होगी। इन ट्रेनों की डिजाइन स्पीड 90 किलोमीटर प्रति घंटा और ऑपरेशन स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक होगी। कानपुर की मेट्रो ट्रेनें थर्ड रेल यानी पटरियों के समानांतर चलने वाली तीसरी रेल से ऊर्जा प्राप्त करेंगी, इसलिए इसमें खंभों और तारों के सेटअप की आवश्यकता नहीं होगी और बुनियादी ढांचा बेहतर और सुंदर दिखाई देगा। कानपुर के प्राथमिक सेक्शन के लिए 8 मेट्रो ट्रेनें और कानपुर के दोनों कॉरिडोर को मिलाकर कुल 39 देने आएंगी जिनमें से प्रत्येक में 3–3 कोच होंगे। कानपुर मेट्रो देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना है, जहां पर उपरिगामी (एलिवेटेड) मेट्रो स्टेशनों के कानकोर्स के निर्माण हेतु डबल टी –गार्डर्स का उपयोग किया गया। इस नवोन्मेष की सहायता से प्राथमिक शिक्षण के सभी नौ मेट्रो स्टेशनों के कानकोर्स सिर्फ 7 महीने और 17 दिन के रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हो गए। देश में पहली बार कानपुर मेट्रो परियोजना में पोर्टल के स्थान पर ट्विन पियर कैप का नवाचार किया गया जिससे डिपो के एग्जिटध इंट्री एवं ऑटोमेटिक कोच वॉश प्लांट को आधार देने में सहायता मिली, जिसकी मदद से सड़क पर वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए जगह की बचत हुई और मेट्रो के सिविल ढांचे की सुंदरता में भी वृद्धि हुई।

## टीसीएसटी विचार क्रांति पुस्तिका का विमोचन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में किया गया। जौनपुर सुईथाकला ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेसिक



शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल जी गांधी स्मारक पीजी कॉलेज के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू जी गांधी स्मारक पीजी कॉलेज के प्राचार्य आदरणीय डॉ निर्मल गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनोद सिंह इंटर कॉलेज विनय तिवारी अखिलेश यादव खंड शिक्षा अधिकारी शैलपति यादव प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष श्री सतीश सिंह व सभी विशिष्ट जनों को टीचर्स सेल्फ केयर टीम जो सम्मानित शिक्षकों के कोई भी आकस्मिक घटना घटित हो जाने पर आर्थिक सहयोग के लिए पूरे प्रदेश में बनाई गई है प्रदेश संस्थापक आदरणीय विवेकानंद जी हैं। जनपद जौनपुर के जिला संयोजक अरविंद यादव द्वारा विचार क्रांति ज्ब्ज् पुस्तिका विमोचन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी गई। उपस्थित सभी विशिष्ट जनों ने विचार क्रांति पुस्तिका पढ़ने पर अपना विचार व्यक्त किया कि आप बहुत सराहनीय कार्य कर रहे हैं शिक्षक समाज के लिए आप लोग इतनी संख्या में एक प्लेटफार्म पर जुड़ गए हैं। 22 हजार लोग सौ सौ रुपया जो भी बेसिक शिक्षा विभाग का अध्यापक आकस्मिक दुर्घटना बस दुनिया से गुजर जाता है उसके नामनी को आप लोग प्रदान करते हो वह छोटी छोटी रकम 18 से 22 लाख हो जाती है यह आप लोगों का बहुत ही सराहनीय कार्य है कार्यक्रम का संचालन श्री पारसनाथ यादव प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुईथाकला द्वारा किया गया

# सम्पादकीय

## चीन से मुकाबला : अफगानिस्तान पर भारत की पहल

मध्य एशिया में चीन का मुकाबला करने की अपनी दीर्घकालीन महत्वाकांक्षा के अलावा अफगानिस्तान में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए भारत को धैर्यपूर्ण कूटनीतिक नीति को अपनाने की सख्त आवश्यकता है, जो अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता की सफलता के बाद व्यावहारिक रूप ले सकती है, जिसमें भारत समेत आठ देशों ने हिस्सा लिया था।

दिल्ली घोषणा भारत की भावी नीति के लिए बहुत महत्व रखती है, क्योंकि यह दोहा वार्ता के विपरीत भारत को हमेशा अफगानिस्तान पर प्रासंगिक वार्ता के दायरे में रखेगी, जब अफगानी उथल–पुथल और हिंसा के युद्धरत गुटों ने पहली बार 23 सितंबर, 2020 को औपचारिक रूप से आमने–सामने बैठकर उस संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत शुरू की, जिसे अब दुनिया के सबसे घातक संघर्ष के रूप में माना जाता है।

लेकिन इसकी मुख्य पहचान अमेरिका पर दबाव बनाकर भारत को अलग–थलग करने में पाकिस्तान की सफलता थी, जिसका उतना लाभ नहीं मिला, जितनी अपेक्षा थी, क्योंकि तालिबान ने दोहा समझौते का उल्लंघन करके अमेरिका को धोखा दिया। विश्लेषकों का मानना है कि आठों देश काबुल में समावेशी सरकार की आवश्यकता पर जोर देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो सितंबर में दुशांबे में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक से एक कदम आगे होगा, जिसमें आतंकवाद, आतंकवाद के वित्त पोषण और कट्टरपंथ के खिलाफ तल्ख भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जिससे राष्ट्रीय सुलह को बढ़ावा मिला।

विश्लेषकों का यह भी मानना है कि भारत सरकार द्वारा तीसरी क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता के सफल आयोजन से, जिसमें रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के सुरक्षा प्रमुखों ने भाग लिया, पाकिस्तान परेशान हुआ होगा। उसने पड़ोसी देशों के सुरक्षा प्रमुखों की इस महत्वपूर्ण बैठक का हिस्सा बनने के निमंत्रण को ठुकरा दिया था, इसलिए उसने तुरंत पाकिस्तान, चीन, रूस और अमेरिका को शामिल करते हुए 'द ट्रोइका प्लस' की बैठक बुलाई थी, जिसने तालिबान से अफगानिस्तान में एक समावेशी और प्रतिनिधि सरकार बनाने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है, जो नए शासन के करीब रहने की जिज्ञासा को दर्शाता है। यह आह्वान तालिबान के रुख के विपरीत किया गया है।

इसने अफगानी समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों को भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जो उनके साथ तालिबान के क्रूर व्यवहार की मौजूदा सच्चाई की तुलना में वास्तविकता से बहुत दूर है। चीन ने भी नई दिल्ली में आयोजित सुरक्षा वार्ता में शामिल नहीं होने का एक लचर बहाना दिया था। चीन का यह बहाना ऐसे समय में आया, जब पूर्वी लद्दाख में चल रहे सैन्य गतिरोध को लेकर चीन–भारत द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हैं।

चीन हमेशा पाकिस्तान को आगे रखना चाहता है, हालांकि वह अपनी आर्थिक तंगी के कारण अफगानिस्तान की मदद करने की स्थिति में नहीं है और लगातार अपने हितैषी 'चीन' पर निर्भर है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की नकारात्मकता को अमेरिका द्वारा कूटनीति के बुरे उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि भारत द्वारा की गई पहल की सराहना की जानी चाहिए और बाधाएं खड़ी करना अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिकूल साबित हो सकता है, जो महामारी का भी सामना कर रहे हैं।

वार्ता के बाद सात देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों के प्रमुखों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उन प्रतिभागियों की प्रशंसा की, जिन्होंने महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इसे संभव बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान के संदर्भ में चार पहलुओं पर जोर दिया, जिन पर इस क्षेत्र के देशों को ध्यान देने की आवश्यकता होगी, जिनमें एक समावेशी सरकार की आवश्यकता, अफगान क्षेत्र का आतंकी समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने के प्रति शून्य–सहिष्णुता का रुख, अफगानिस्तान से मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी रोकने की रणनीति और अफगानिस्तान में तेजी से मानवीय संकट को संबोधित करना शामिल था। मोदी का बयान उन लोगों के लिए स्पष्ट संदेश है, जो अफगानिस्तान के लोगों का समर्थन करने और उनके साथ खड़े होने के भारत के प्रयासों को विफल करना चाहते हैं।

भारत ने पिछले 20 वर्षों के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसे विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में पहले ही 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, और इस देश के लोगों की सद्भावना अर्जित की है, जो सबसे भीषण भूख के संकट का सामना कर रहे हैं। भारत ने एक महीने पहले ही पाकिस्तान से भूमि मार्ग से खाद्यान्न के परिवहन की सुविधा देने का अनुरोध किया था, लेकिन उसने मना कर दिया था।

लेकिन अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने तालिबान से कहा है कि पाकिस्तान अफगान लोगों के अनुरोध पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगा, जिससे वहां के लोग भारत से गेहूं प्राप्त कर सकेंगे। इससे कूटनीतिक रूप से भारत को मदद मिलेगी और पाकिस्तान के बुरे इरादे उजागर होंगे। चीन, तुर्की जैसे कुछ देशों ने पहले ही अफगानिस्तान के भूखे लोगों को भोजन वितरित करना शुरू कर दिया है और पाकिस्तान अब काबुल तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से ट्रकों की आवाजाही पर काम कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान और चीन द्वारा वार्ता में भाग लेने से इन्कार करना भारत के प्रति उनकी शत्रुता को दर्शाता है, जिसने दुनिया को दिखाया है कि मध्य एशिया में कुछ देशों की दुश्मनी के बावजूद भारत अब भी अफगानिस्तान के मामलों में धैर्य के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

शीर्ष अधिकारी स्वीकार करते हैं कि एनएसए अजित डोभाल के कुशल प्रबंधन ने भी सुरक्षा बैठक की सफलता में योगदान दिया, जिसे कूटनीति में एक मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि भारत की भूमिका अफगानिस्तान में बहुत महत्वपूर्ण है, जिसे पाकिस्तान और चीन द्वारा कमजोर किया जा रहा है। अंत में, यही कहा जा सकता है कि भारत को तालिबान शासन के प्रति तीखे मतभेदों के बावजूद अफगानिस्तान में अपनी स्पष्ट भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता है, जो अब भी अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाने के लिए जूझ रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## लखनऊ स्मार्ट सिटी की बैठक संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ स्मार्ट सिटी की बैठक में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री व मोहनलालगंज के लोकप्रिय सांसद कौशल किशोर, मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारियों के साथ आज बैठक में अधिकारियों ने स्मार्ट सिटी के तहत लखनऊ में कराए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर जी ने लखनऊ शहर के सभी इलाकों को स्मार्ट सिटी के दायरे में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होने कहा शहर की सीमा में शामिल किए गए सभी गांवों में भी विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जानी चाहिए। जवाब में नगर आयुक्त ने कहा पहले यह सीमा 2016 में निर्धारित की गई थी जिसे अनुमति मिलने पर बढ़ाया जा सकता है। शहर के विकास से संबंधित अनेक जरूरी मुद्दों पर हम सभी के बीच सार्थक विमर्श हुआ। अपने सुझाव में अन्य बातों के अतिरिक्त मैंने कहा प्रायः सरकारी विभाग अनेक कार्यों के संबंध में बजट की कमी का हवाला देकर अपनी असमर्थता जताते हैं। स्वाभाविक रूप से बड़ी जनसंख्या के अनुपात में हमारे पास राजस्व व संसाधनों की काफी कमी है। फिर भी अनेक ऐसे काम है जिन्हें बिना एक भी पैसा खर्च्च किए सरकार प्रभावी तरीकध्े से कर सकती है। उदाहरण के रूप में वॉल राइटिंग व पोस्टरों से लखनऊ शहर को बदरंग होने से बचाने के लिए स्मार्ट सिटी व नगर निगम के संयुक्त नेतृत्व में एक जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जा सकता



है। इससे बिना कुछ खर्च्च किए शहर की न केवल सूरत संवारी जा सकती है बल्कि जुर्माने के रूप में रंग रोगन के लिए खघसा राजस्व भी इकट्ठा किया जा सकता है। लखनऊ स्मार्ट सिटी के जनरल मैनेजर एस सी सिंह ने मेरे सुझाव का स्वागत करते हुए अन्य जरूरी बातों को भी अपने प्रस्ताव में शामिल करने पर सहमति जतायी। उत्तर प्रदेश सरकार के होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के चेयरमैन व गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉक्टर बी एन सिंह के सुझावों पर मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि शहर की साफ सफाई को और प्रभावी तरीके से करने के लिए नगर निगम के सफाईकर्मियों को मोबाइल फोन दिए जा रहे हैं जिससे उनकी ट्रैकिंग करके कार्य की गुणवत्ता को जल्द ही और सुधारा जा सकेगा।

## ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' तैयार कर रहा व्यापारियों का ''मांग पत्र''

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने व्यापारियों की मांगों को मनवाने एवं समस्याओं के समाधान के लिए जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं ज्ञातव्य है कि पिछले 11 नवंबर को संपन्न हुई उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में तय हुआ था कि व्यापारी अपना ''मांग पत्र'' तैयार करेंगे तथा जो राजनीतिक दल व्यापारियों की मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करते हुए उनको पूरा अमल में लाने का विश्वसनीय वायदा करेगा उत्तर प्रदेश के व्यापारी उसी राजनीतिक दल को विधानसभा चुनाव में सहयोग करेंगे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि ''मांग पत्र ''तैयार करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25 प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप नंबर 84001 24444 पर प्रदेश का कोई भी व्यापारी ''मांग पत्र'' में शामिल किए जाने हेतु अपने सुझाव दे सकता है संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि 7 दिनों में ''मांग पत्र'' तैयार कर लिया जाएगा उसके बाद सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को संगठन द्वारा मांग पत्र सौंपा जाएगा।

## बच्चे के जन्म के तत्काल बाद बनेगा आधार कार्ड : लखनऊ के बाद अब आठ पिछड़े जिले में चलेगी योजना

लखनऊ ब्यूरो : बच्चे के जन्म लेने के तत्काल बाद उसका आधार कार्ड बनाया जाएगा। जो उसके माता–पिता के आधार से लिंक होगा। बच्चा जब पांच साल का होगा, तब उसकी बायोमीट्रिक जानकारी ली जाएगी। इसके जरिए जन्म पंजीयन की व्यवस्था भी सुचारु रूप से चलेगी। लखनऊ में संबंधित पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद गुरुवार को इसे प्रदेश के आठ पिछड़े जिले में शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य महानिदेशालय सभागार में होने वाले एक समारोह में इसके लिए चित्रकूट को 18, सिद्धार्थनगर को 14, बहराइच व फतेहपुर को 13–13, बलरामपुर को 09, सोनभद्र को 08, श्रावस्ती के 07 और चंदौली को 06 लैपटॉप दिए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी




मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि वर्तमान में लखनऊ के 26 अस्पतालों में जन्म के तत्काल बाद बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है।

## भाई की ससुराल में पंचायत सेक्रेटरी की हत्या

अलीगढ़ ब्यूरो : गोधा थाना क्षेत्र के गांव कलियानपुर में भाई की ससुराल से अपहृत पंचायत सेक्रेटरी की हत्या कर दी गई है। शव काली नदी में फेंक दिया गया है। एक आरोपी की स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस की पांच टीमों समेत दमकल विभाग की टीम शव की तलाश में जुटी है। उधर पंचायत सचिव के परिवार वालों ने थाना पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गोधा थाने का घेराव किया। जिला बुलंदशहर के थाना जहांगीराबाद के गांव फतेहपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र ओमवीर सिंह के बड़े भाई देवेंद्र सिंह की गोधा थाने के कलियानपुर गांव में ससुराल है। राकेश के छोटे भाई लखावटी ब्लॉक में पंचायत सेक्रेटरी 29 वर्षीय मुकेश सिंह 12 नवंबर को देवेंद्र सिंह की ससुराल गए थे, जिसके बाद से नहीं लौटे। राकेश की तहरीर पर पुलिस ने देवेंद्र के साले हेमंत समेत पांच लोगों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। शक के आधार पर हेमंत व एक महिला को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें दोनों ने मुकेश की हत्या कर शव काली नदी में फेंकने की बात स्वीकार की। इसके बाद से सीओ शिवप्रताप सिंह, इंस्पेक्टर अतरौली प्रदीप सिंह के साथ गोधा, बरला व हरदुआगंज थानों की पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम शव की तलाश में जुटी है। काली नदी में नाव के जरिए जगह–जगह जाल व कांटा डालकर शव की तलाश जारी है। सर्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है। उधर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर परिवार वालों ने गोधा थाने का घेराव किया। भाई की ससुराल में एक महिला से संबंध ने ली जान। 13 नवंबर की रात करीब 8.50 बजे मुकेश ने राकेश को फोन कर बताया था कि उसे भाई की ससुराल में कमरे में बंद कर लिया गया है। इसके बाद फोन कट गया था। 9.05 बजे मुकेश ने दोबारा फोन कर कहा कि जल्दी आकर बचा लो। यह लोग मार देंगे। इसके बाद फोन कट गया। रात में ही परिवार वाले फतेहपुर से कलियानपुर पहुंचे। वहां देवेंद्र के ससुराल वालों ने कहा कि मुकेश भाग गया है। वहीं मुकेश पर परिवार की एक महिला से अवैध संबंध का आरोप लगाने लगे। इस पर रात में परिवार वाले फतेहपुर लौट गए। अगले दिन भी मुकेश के घर नहीं पहुंचने पर परिवार वाले दोबारा कलियानपुर पहुंचे और मुकेश की खोजबीन शुरू कर दी। घर के कमरे में मुकेश की चप्पल मिली। इस पर परिवार वालों को मुकेश के साथ अनहोनी का शक हुआ। वह लोग गोधा थाने पहुंचे, इसके बावजूद पुलिस ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। परिवार के दबाव पड़ने पर सोमवार को पुलिस ने देवेंद्र के साले हेमंत, उसकी पत्नी नीतू, सीआरपीएफ में तैनात साले मुनेंद्र उर्फ सोनू, उसकी पत्नी रुचि, सोनू के फुफेरे भाई संदीप के विरुद्ध मुकेश के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की। परिवार का आरोप है कि कई दिन चक्कर लगाने और हर बिंदु की जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस हिरासत में पूछताछ में देवेंद्र के साले हेमंत व एक महिला ने पुलिस को बताया कि परिवार की महिला के साथ मुकेश को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इस पर उसकी हत्या कर शव को तिरपाल में बांधकर साइकिल से ले जाकर काली नदी में फेंक दिया। मुकेश के फोन की कॉल डिटेल में भी कलियानपुर की एक महिला से कई बार मुकेश की बात होने की बात भी पुलिस के सामने आई है। – हिरासत में लिए गए हेमंत आदि ने एक महिला से अवैध संबंध में पंचायत सचिव की हत्या कर शव काली नदी में फेंकने की बात स्वीकार की हैं। थाना पुलिस के अनुसार दमकल, एसओजी व सर्विलांस की टीमें शव की तलाश में जुटी हैं।

– शिवप्रताप सिंह, सीओ।

## बसपा सुप्रीमो मायावती के घर पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल : उनकी मां के निधन पर व्यक्त किया शोक

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल गुरुवार को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती के लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचीं और उनकी मां के निधन पर अपने संवेदनाएं व्यक्त कीं। राज्यपाल ने मायावती से उनका स्वास्थ्य व कुशलक्षेम जाना। इस दौरान साथ में राज्यसभा सांसद एवं बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र भी उपस्थित रहे। बीते 13 नवम्बर को मायावती की माता रामरती का लगभग 92 वर्ष की आयु में का स्वर्गवास हो गया था। प्रियंका गांधी व मुख्यमंत्री योगी ने भी जताया था शोक। इसके पहले दिल्ली में भी शोकसभा का आयोजन किया गया था जिसमें कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी पहुंचीं थीं और शोक संवेदनाएं व्यक्त की थीं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बसपा सुप्रीमो से फोन पर संवाद कर अपने संवेदनाएं व्यक्त की थीं। योगी ने ट्वीट कर कहा था कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी मां को खोया है। विषाद की इस घड़ी में ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। मायावती की मां रामरती का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। मां की प्रेरणा से ही राजनीति में परचम लहराया। मायावती के



पैतृक गांव बादलपुर के ग्रामीणों का कहना है कि मां की प्रेरणा और लगन के कारण ही बेटी ने राजनीति में परचम लहराया। मायावती ने भी ट्विटर हैंडल पर यही बात कही थी। पिता प्रभुदयाल दिल्ली दूर संचार विभाग में नौकरी करते थे। शुरुआत में उन्हें आने–जाने और ड्यूटी पूरी करने में काफी समय लगता था। उन्हें घर से बाहर ही रहना पड़ता था। इस दौरान मां रामरती ही मायावती व अन्य बच्चों की देखभाल करती थीं। हालांकि, बाद में पूरा परिवार दिल्ली में ही रहने लगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 नवंबर को लखनऊ में करेंगे कोर कमेटी की बैठक

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 नवंबर को लखनऊ में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक लेंगे। नड्डा गोरखपुर में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होने के बाद शाम को लखनऊ आएंगे। लखनऊ में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा और महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। दिसंबर में भाजपा निकालेगी यात्राएं। विधानसभा चुनाव 2022 में विजय के संकल्प के साथ भाजपा की ओर से दिसंबर में यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर लखनऊ में करना प्रस्तावित है। यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित सभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबोधित कराने की भी तैयारी है। पश्चिमी यूपी, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध क्षेत्र से शुरू होने वाली चार यात्राओं के जरिये भाजपा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियां और विधानसभा चुनाव 2017 के लोक कल्याण संकल्प पत्र में किए हुए वादों को



पूरा करने का हिसाब लेकर सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में यात्रा के नामों और मार्गों को लेकर चर्चा हुई है। दिसंबर के पहले सप्ताह से यात्राएं शुरू कराने की योजना है। पार्टी ने घोषणा पत्र के लिए मांगे जनता से सुझाव। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र प्रदेश की जनता के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा। पार्टी की घोषणा पत्र समिति ने जनता से सुझाव और प्रस्ताव मांगे है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में गठित समिति की बुधवार को आयोजित बैठक में की घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव और प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## कृष्ण भगवान भी खून के आंसू रोएं होंगे जब रामभक्तों पर गोलियां चली होंगी : भोजपुरी एक्टर निरहुआ

लखनऊ ब्यूरो : यूपी चुनाव के लिए प्रदेश में राजनीतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे पर कटाक्ष करने का दौर जारी है। भोजपुरी सुपरस्टार व भाजपा नेता दिनेश लाल यादव ने गुरुवार को वीडियो ट्वीट कर अखिलेश यादव पर निशाना साधा और कहा कि अखिलेश यादव को एक विशेष रंग से नफरत है। निरहुआ ने वीडियो ट्वीट कर कहा कि भैया, आप तो मान ले लिए.. सम्मान ले लिए और यादवों का स्वाभिमान ले लिए। कृष्ण भगवान भी खून के आंसू रोएं होंगे.. जब तुष्टिकरण की राजनीति में आप लोगों ने अयोध्या में राम भक्तों की जान ले लिए। हिन्दू होकर हिंदुओं से नफरत करने वाले, जिन्ना का नाम जपने वाले, धिक्कार है। निरहुआ 2019 के लोकसभा चुनाव में भी आजमगढ़ से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव में उतारा गया था। इस चुनाव में मोदी लहर के बावजूद उन्हें हार का सामना करना



पड़ा था। वीडियो में निरहुआ ने कहा कि आप इसी तरह से लोगों को बताते रहिए कि आप जिन्ना वाली विचारधारा के हैं। अगर आपको मौका मिलेगा तो इस प्रदेश और देश का क्या हाल करेंगे। मुझे तो पता है। हिंदू होकर हिंदुओं से नफरत करने वाले, जिन्ना का नाम जपने वाले, धिक्कार है।

## केजीएमयू परिसर में फायरिंग : पुलिस चौकी से कुछ दूरी की वारदात

लखनऊ ब्यूरो : केजीएमयू परिसर में बुधवार रात करीब दस बजे फायरिंग हो गई। वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ है जबकि एक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती पड़ताल में मामला संदिग्ध है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसीपी चौक आईपी सिंह के मुताबिक देर रात करीब दस बजे केजीएमयू परिसर में फायरिंग की सूचना मिली। इंस्पेक्टर चौक रत्नेश सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने पड़ताल शुरू की। फायरिंग की सूचना शशांक शर्मा ने दी थी। शशांक शर्मा खुद को परशुराम स्वाभिमान सेना का प्रदेश अध्यक्ष बता रहे हैं। उन्होंने अज्ञात हमलावरों पर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोली कार के पिछले शीशे पर लगी है जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया है। 24 घंटे परिसर में रहती है भीड़। केजीएमयू परिसर में स्थित पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर की वारदात बताई जा रही है। जबकि पूरे परिसर में देर रात तक मरीज व तीमारदारों की भीड़ लगी रहती है। ज्यादातर लोग परिसर के बरामदे में सोते हैं। पुलिस के मुताबिक लेकिन रात दस बजे की वारदात में किसी ने गोली मारकर भागते हुए बदमाशों को नहीं देखा। पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। शशांक का बेटा भर्ती है। केजीएमयू में शशांक शर्मा का बेटा भर्ती है। वह अपने दोस्त सआदतगंज निवासी परिमल मिश्रा और ठाकुरगंज के आयुष शर्मा के साथ कार में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनी। वह कार के बाहर निकले। अचानक से उनकी कार का शीशा भरभरा कर गिर गया। पुलिस को सूचना दी। शशांक के मुताबिक पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया है।

## बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त विकास कार्यों की समीक्षा बैठक देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : माननीय विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में और मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला की उपस्थिति में बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त विकास कार्यों की समीक्षा बैठक देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि परिवहन विभाग, अग्निशमन, सिंचाई विभाग की बड़ी परियोजना में प्रथम किस्त की धनराशि प्राप्त हो गयी है और शासन से द्वितीय किस्त अभी तक नहीं प्राप्त हो पाई है, जिसके संदर्भ में मा० विधायक जी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि द्वितीय किस्त के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर धन की मांग की जाए, जिससे विकास को गति दिया जा सके। इस अवसर पर माननीय विधायक जी द्वारा विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि और 25 लाख से ऊपर की परियोजनाये की समीक्षा विस्तार से की गयी। आरईएस और पीडब्लूडी द्वारा बनाई जा रही हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने नेडा विभाग एवं विधायक निधि से द्वारा लगाई गई सोलर लाइटों की समीक्षा की और बताया कि कई जगहों पर सोलर लाइट चालू हालत में नहीं है जिसको तत्काल ठीक कराया जाए। विधानसभा बदलापुर में बनाये जा रहे फायर स्टेशन, बस स्टेशन, आईटीआई संस्थान का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि विधानसभा बदलापुर में जिन सड़कों पर निर्माण कार्य के लिए टेंडर हो चुका है वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाए तथा जिला पंचायत की जो सडके गड्ढा युक्त हैं उन्हें 30 नवंबर 2021 तक गड्ढा मुक्त करा दिया जाए। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि विधानसभा बदलापुर में 4 पंप कैनाल जिनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है, जिन्हे दिसंबर माह तक पूर्ण कराकर संचालित करा दिया जाए जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। मा0 विधायक बदलापुर द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया गया कि शारदा सहायक खंड 36 की जो भी पुलिया स्वीकृत हैं, उन पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित सभी सड़कों को भी ठीक करा दिया जाए। इस अवसर पर सेतु निगम, सड़क से सम्बंधित विकास कार्य आदि की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी बदलापुर सुरेश चौहान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड राधा कृष्ण, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव, परिवहन अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, डीआरडीए से सुरेश अस्थाना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा एनआईसी में जनपद के ग्राम प्रधानों से फोन पर वार्ता कर टीकाकरण एवं अन्य कार्यो में गति लाने के दिए गए निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा एनआईसी में जनपद के ग्राम प्रधानों से फोन पर वार्ता कर टीकाकरण एवं अन्य कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के विरूद्ध किसी भी अफवाह को फैलने से रोकने एवं ग्राम पंचायतों में 18 से 44 आयु के एवं 45 वर्ष के ऊपर के सभी ग्रामवासियों का टीकाकरण कराये जाने हेतु सबको प्रेरित कर शत–प्रतिशत टीकाकरण का कार्य कराये जाए। ग्रामवासी अनावश्यक रूप से भीड़–भाड़ वाले जगहो पर न जाय, मास्क का प्रयोग करें, समय–समय पर हाथ धोते रहें एवं एक–दूसरे से दो गज की दूरी बनाये रखने हेतु निगरानी समिति के माध्यम से सभी ग्रामवासियों को प्रेरित करने पर चर्चा की। ग्राम पंचायतों में आवश्यकतानुसार कम्पोस्ट गड्ढ़ों की खुदाई जे.सी.वी. के माध्यम से कराकर जितने भी कचड़े के ढेर आबादी एवं आबादी के आस–पास दृश्यमान है उनका कचरा ट्रैक्टर के माध्यम से उठवाकर कम्पोस्ट गड्ढों में डाल कर उसका प्रबन्धा तत्काल कराये जाने पर चर्चा की। गांवों में घरों से तालाबों तक जाने वाली जल निकासी नाली, जो अपशिष्ट जल लेकर तालाबों/नदियों/नालों में जाती हैं, आवश्यकतानुसार जहाँ–जहाँ चौक हैं एवं उसमें कचरा भरा हुआ है उनकी तत्काल जे.सी.वी. अथवा फावड़े से सफाई कराकर बन्द नालियों को तत्काल खोले जाने एवं गांव में स्थित सार्वजनिक भवनों यथा पंचायत घर विद्यालय, आंगनवाड़ी, एनम सेन्टर, पीएचसी, सीएचसी इत्यादि के आस–पास स्थित कचरों के ढेर एवं नालियों की सफाई वृहद स्तर पर कराये जाने पर निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में सघन रूप से हाइड्रोक्लोराइड के घोल का छिड़काव गांव के प्रत्येक मजरे एवं बस्ती में आवश्यक रूप से कराये जाने एवं गांव में प्रत्येक स्थान पर फागिंग का कार्य कराने पर चर्चा हुई। ग्राम पंचायतों में जहाँ पर जल भराव की स्थिति है, वहाँ जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराये जाने पर निर्देश दिए। ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत में ही लाभ दिलाने हेतु पंचायत भवन को कामन सर्विस सेन्टर के रूप में विकसित कर ग्राम वासियों को ग्राम में ही आय, जाति, मृत्यु, जन्म प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से सम्बन्धित कम्प्यूटराईजेशन का कार्य एक ही स्थान से सम्पादित करने पर चर्चा हुई। खुले में शौच से होने वाले संचारी रोगों को नियन्त्रित करने हेतु ग्रामवासियों द्वारा शौचालय का प्रयोग करने तथा खुले में शौच को पूरी तरीके से प्रतिबन्धित किये जाने पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उक्त सामुदायिक शौचालयों को स्वयं सहायता समूहों को हस्तान्तरित करके उसका प्रयोग सुनिश्चित कराने तथा नियमित रूप से समूहों को शासनादेशानुसार भुगतान किये जाने पर चर्चा की। केन्द्रीय वित्त तथा राज्य वित्त की संस्तुतियों के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को प्राप्त धनराशि का प्रयोग सर्वप्रथम पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय के निर्माण एवं ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों पर का कार्य कराये जाने पर चर्चा। मनरेगा में 260 कार्य अनुमन्य है जिसमें यथा सम्भव अधिक से अधिक श्रम दिवसों का सृजन किये जाने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों से कहा कि उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर यदि उपरोक्त कार्यो का सफलता पूर्वक सम्पादन करेंगे तो निश्चित रूप से ही हम अपनी ग्राम पंचायत को एक आदर्श एवं 'मेरा गांव कोरोना मुक्त गांव' ग्राम पंचायत के रूप में स्थापित करने सफल होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, अनूप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लंबित पड़े भुगतान को लेकर डोभी ब्लॉक का चक्कर काटने को मजबूर पूर्व प्रधान परिवार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देश में बैश्विक महामारी कोरोना अपना पांव पूरी तरह से पसार चुका था देश मे लॉकडाउन लगा हुआ था लोग शहरों से गॉवो की तरफ तेजी से पलायन कर रहे थे! ऐसे में सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी कि कोरोना की कहर से कैसे गॉवो को बचाया जा सके प्रदेश सरकार के दिशानिर्देश पर गॉवो को कोरोना से बचने के लिए ग्राम प्रधान को जिम्मेदारी दी गयी ग्राम प्रधानों ने पूरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों को निर्वाहन किये कई ग्राम प्रधान भी कोरोना की चपेट आ गए।इसी कड़ी में डोभी विकास खण्ड अन्तर्गत तराव ग्राम सभा मे भी कोरोना ने जब अपना पांव पसारना शुरू किया तो ग्राम प्रधान दिलीप कुमार जायसवाल ने भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए गॉव को कोरोना मुक्त कराने में जुट थे । गॉव वालो की मदद से प्रयास सफल भी रहा परन्तु नियति को कुछ और ही मंजूर था कुछ दिनों के बाद ग्राम प्रधान दिलीप कुमार जायसवाल की कोरोना के चलते 12 मई 2021 को निधन हो गया। परिवार पर दुखो का पहाड़ छा गया । परिवार पर कुदरत के कहर के साथ साथ गॉवो मे कराये गए पुराने कार्यकाल में विकास कार्यो का भुगतान न होने से बकायदारों के भी दबाव से पीड़ित परिवार मानसिक तनावों से जूझ रहा है। ऐसे में पीड़ित परिवार डोभी ब्लॉक का चक्कर काटने को मजबूर हैं जबकि पीड़ित अपनी लिखित शिकायत जब खण्ड विकास अधिकारी सीएल गुप्ता को दिए तो खण्ड विकास अधिकारी विना देरी किये जांच के आदेश दिए जांच करने गए। एडीओ पंचायत अजित कुमार व जेई मिथिलेश कुमार ने जांच के उपरांत कराये गए कार्यो को पूर्ण पाया गया जिसकी आख्या की




कॉपी व जे ई मिथिलेश कुमार द्वारा की गई एमबी की फाइल, प्रधानाध्यापक द्वारा कार्य की प्रमाणित कागजाद इत्यादि साक्ष्य के साथ पीड़ित महीनों से ब्लॉक का चक्कर लगा रहा । जब भी पीड़ित परिवार अपनी शिकायत ग्राम विकास अधिकारी अमित सिंह व उच्चाधिकारियों से बताते हैं तो अधिकारी ये बता कर वापस कर देते है कि ग्राम पंचायत के खाते में पैसा ही नही है ! अगर ग्राम पंचायत के खाते में पैसा नही है तो कैसे ग्राम विकास अधिकारी अमित सिंह के द्वारा नए कार्यो का भुगतान किया जा रहा है?क्या जान बूझ कर नाहक ही पीड़ित परिवार को परेशान किया जा रहा है कही ना कही ग्राम विकास अधिकारी के कार्यशैली पर सावलिया निशान खड़े कर रहे हैं बहरहाल कब और कैसे लम्बित पड़े भुगतान का भुगतान किया जाएगा ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे वही स्व ग्राम प्रधान दिलीप कुमार जायसवाल के दो बेटी एक छोटा बेटा व पत्नी सहित परिवार मानसिक तनाव से जूझ रहे है । थक हार कर पीड़ित परिवार जनसुनवाई पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर शासन से न्याय की गुहार लगाई।

## बालकों के लिए प्रधानमंत्री देख–रेख स्कीम 2021 (पी०एफ) केयर्स) के तहत करे आवेदन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार द्वारा अवगत कराया गया है कि बालकों के लिए प्रधानमंत्री देख–रेख स्कीम 2021 के अन्तर्गत व बच्चे जिन्होंने अपने माता–पिता दोनों को 11 मार्च 2020 से 11 दिसंबर 2021 के बीच कोविड के कारण खो दिया है, यह वह बच्चे जिन्होंने माता–पिता में से किसी एक को पूर्व में किन्ही कारणों से खो दिया है और अन्तिम उत्तरजीवि माता–पिता या दत्तक माता–पिता या एकल विधि सरक्षक को कोविड महामारी के कारण खो दिया है, ऐसे बच्चे या उनके अभिभावक या परिचित उक्त योजना का लाभ दिये जाने हेतु जिला प्रोबेशन कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यरत बाल संरक्षण अधिकारी चन्दन राय मो०न० 8115066215 पर कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते है। उक्त योजना के अर्न्तगत सभी पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर एक मुक्त राशि के साथ बच्चों को छात्रवृत्ति, चिकित्सा सुविधा एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से आच्छादित किया जाना है।

## पीयू का दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को होगा : बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को दीक्षांत समारोह के संबंध में कुलपति जी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। इस संबंध में कुल 47 समितियां गठित की गई है।उन्होंने कमेटी के सभी संयोजकों के साथ बैठक की। उन्होंने संयोजकों को अपनी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। कहा कि जो भी समस्या हो उसका निराकरण संबंधित अधिकारियों से मिलकर शीघ्र करा लें। कार्यों की प्रगति पर बैठक शीघ्र की जाएगी जिसमें कार्यों की समीक्षा होगी। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो.मानस पांडेय, प्रो अजय द्विवेदी,प्रो.अविनाश पार्थीडिकर, प्रो.वंदना राय,प्रो. देवराज सिंह डॉ. संतोष कुमार, डॉ.रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डा.मुराद अली, सभी सहायक कुलसचिव, डॉ अमित वत्स, डॉ.पी.के कौशिक, रामसमुझ, रमेश पाल समेत शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

## इग्नू में प्रवेश के लिए आवेदन की बढ़ी तिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने बताया की इग्नू द्वारा जुलाई सत्र में प्रवेश के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि को 22 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है । अध्ययन केंद्र पर स्नातकोत्तर , स्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। स्नातक स्तर पर कई विषयों में ऑनर्स पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। अध्ययन केंद्र पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जैसे राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र,अंग्रेजी, हिंदी, लोक प्रशासन, काउंसलिंग एंड फैमिली थेरेपी इत्यादि संचालित किए जाते हैं। डॉ सिंह ने बताया की प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी ।कुछ विशेष पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है। इग्नू द्वारा छात्र छात्राओं को बेहतर सुविधा देने के लिए अपनी समस्त सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है।प्रवेश के साथ ही शिक्षार्थियों को विश्व स्तरीय अध्ययन सामग्री का वितरण किया जाता है। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए छात्र–छात्राएं अध्ययन केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं जहां पर उन्हें पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा।

## जागरूकता रैली निकालकर छात्र छात्राओं ने वोटर बनने हेतु किया प्रेरित

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत वोटर बनने के लिए व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली को जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा व आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा अंकिता राज ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली बी आर पी इन्टर कालेज से शुरू होकर ओलंदगंज, शाही पुल, चहारसू, कोतवाली चौराहा होते हुए नगर



पालिका परिषद प्रांगण तक गई। छात्र–छात्राओं नागरिकों को जागरूक कर मतदाता बनने की अपील करते चल रहे थे। रैली में शामिल छात्र–छात्राएं अपने हाथों में प्रेरणादायक नारे लिखी तख्तियां लिए नारे लगाते चल रहे थे। 'उम्र अट्ठारह पूरी है, वोट बनवाना जरूरी है', 'बीएलओ से बात करेंगे, मतदाता हम अवश्य बनेंगे', 'जौनपुर महान है करते सब मतदान है', लोकतंत्र की शान शत प्रतिशत मतदान', 'महिला पुरुष हो या दिव्यांग, सब बने जागरूक मतदाता' 'घर घर साक्षरता ले जायेंगे, मतदाता जागरूक बनायेगें' आदि नारे लगाते चल रहे थे। इस अवसर पर रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना जरूरी हैं, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में लोग शत् प्रतिशत मतदान करें और मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि पहले वोटर बने, इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवक अपना वोट अवश्य बनवालें। 30 नवम्बर तक वोटर बनने का अभियान चलेगा और विशेष तिथि 21 व 27 नवंबर को बीएलओ मतदान स्थलों पर बैठेगें उनसे संपर्क कर ले। डा अंकिता राज ने सभी को जागरूक करते हुए विशेषकर महिलाओं से अपील किया कि मतदाता बने और निर्वाचन के प्रति साक्षर हो, क्योकि परिवार व समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रैली में टी डी महिला महाविद्यालय, सरस्वती बाल विधा मंदिर इंटर कालेज, मोहम्मद हसन इ.का., गुलाबी देवी बालिका इंटर कालेज, रजा डी एम शिया इन्टर कालेज, आर एस के डी राज इ.का., नगर पालिका इ.का., बी आर पी इ.का. के छात्र छात्राओं ने सहभागिता किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चंद्र यादव, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, डा सुभाष सिंह, डा राजश्री सिंह, डा उदयराज सिंह, ओ पी यादव, सलमान शेख सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## तीनों वैज्ञानिक शिक्षकों को कुलपति ने किया सम्मानित : शिक्षकों ने बढ़ाया पीयू का गौरव – प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों ने विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इन तीनों शिक्षकों को गुरुवार को कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि हमारे यहां के शिक्षक ऊर्जावान है, बस इन्हें प्रोत्साहन की जरुरत है। इन वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह जो पुष्पगुच्छ आपको मिला है यह भी संदेश देता है कि इसकी खुशबू अन्य शिक्षकों तक भी पहुंचे। कुलपति प्रो. मौर्य ने तीनों वैज्ञानिकों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। बताते चलें कि स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए और एलसेवियर बी वी द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिको की सूची में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों जिसमें विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष, बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष और शिक्षक श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रो. वंदना राय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश यादव ने जगह बनाई है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हमारे शिक्षक ऊर्जावान है इसका प्रयोग वह सकारात्मक रूप से कर रहे हैं जिसका परिणाम है कि हमारे शिक्षकों को विश्वस्तरीय सम्मान मिला। परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह ने कहा कि वैज्ञानिकों के सम्मान से हम सबका और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा है। इसके पूर्व अधीक्षक डा.पीके कौशिक ने वैज्ञानिकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।समारोह का संचालन प्रो. मानस पांडेय ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर आलोक वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर बीवी तिवारी प्रोफेसर अजय द्विवेदी प्रोफेसर राम नारायण प्रोफेसर एके श्रीवास्तव प्रोफेसर राजेश शर्मा प्रोफेसर देवराज सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार डॉक्टर समर बहादुर सिंह डॉ विजय प्रताप सिंह डॉक्टर संदीप सिंह डॉ मनीष जायसवाल डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर डॉ अमरेंद्र सिंह डॉक्टर धर्मेश गिरधर मिश्र डॉ जानवी श्रीवास्तव डॉक्टर संजीव गंगवार डॉ नूपुर तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी द्वारा हुई कलेक्ट्रेट सभागार में सुपरवाइजरो के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की बूथवार समीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सुपरवाइजरो के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की बूथवार समीक्षा की । उन्होंने केराकत, शाहगंज एवं मड़ियाहूं के सुपरवाइजरो के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से ले अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। 02 दिन के भीतर बीएलओ डोर 2 डोर सर्वे शत प्रतिशत कर ले । रजिस्टर अवश्य अपडेट रहे। कोई भी पात्र मतदाता न छुटे। महिलाओं का नाम अधिक से अधिक जोड़े। डुप्लीकेट,शिफ्टेड, 02 जगह नाम वालो का नाम सूची से हटाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि नाम हटाने से पहले उन्हें नोटिस अवश्य दें,उसके उपरांत ही नाम हटाया जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं महिलाओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएं ।

## 18 नवम्बर 2021 को खाद्य पंजीकरण कैम्प आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि 18 नवम्बर 2021 को अभिहित अधिकारी, जौनपुर एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अमरदेव सिंह कुशवाहा, राजेश मौर्य एवं सूर्यमणि की उपस्थिति में जायसवाल धर्मशाला, नगर पालिका परिषद जौनपुर में खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के जनपद के कुल 51 खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा आवेदन जमा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही बहुत से खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पंजीकरण का वितरण किया गया।उक्त कार्यक्रम के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारें में जागरूक करते हुए उन्हे निर्देशित किया गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरान्त अपने खाद्य कारोबार का संचालन करें एवं अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/विक्रय/भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

## रहें सावधान : नकली भी बन रहे आयुष्मान कार्ड

अलीगढ़ ब्यूरो : शहर में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाला गिरोह सक्रिय है, जो खुद को आयुष्मान कार्ड बनाने वाला बताकर शिविर लगाता है। लोगों से कार्ड बनाने के नाम पर रुपये लेता है। बाद में पता चलता है कि यह कार्ड फर्जी है। ऐसा ही शिविर अक्तूबर में निरंजनपुरी इलाके में लगा था, वहां करीब 100 कार्ड बने थे। इन्हीं कार्डधारकों में शामिल जब एक व्यक्ति अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा तो डेटा मिलान न होने के कारण उस कार्ड को फर्जी करार दिया गया तो सारा मामला खुला। हालांकि, भेद खुलने के बाद कार्ड बनाने वाले युवक ने सभी के रुपये लौटा दिए हैं। मगर, सवाल यह है कि इस युवक और इसके सहयोगियों ने अब तक ऐसे कितने कैंप लगाकर, कितने लोगों को फर्जी कार्ड बनाकर दिए होंगे। खास बात है कि स्वास्थ्य महकमा इस सबसे अंजान है। वाकये की शुरुआत ऐसे हुई कि बरौला आईटीआई इलाके का एक युवक अक्तूबर माह में निरंजनपुरी पहुंचा और बोला कि उसे आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक शिविर लगाना है। इस पर उसे इसी इलाके के एक संस्थान में बैठने के लिए जगह दे दी गई। यहां तीन चार दिन में उसने करीब सौ लोगों के कार्ड बनाए और सभी से नियम विरुद्ध 300 से 500 रुपये लेकर करीब 50 हजार रुपये वसूले। इलाके के लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति का कार्ड जब फर्जी बता दिया गया तो इस युवक को बुलाया गया और जब सख्ती से पूछताछ हुई तो उसने इन कार्डों के फर्जी होने की बात स्वीकार ली। साथ में स्वीकार किया कि वह पिछले करीब एक साल से इस काम को कर रहा है। उसने अपने दिल्ली से संपर्क भी बताए। बाद में लोगों की सख्ती पर इस युवक ने तीन बार में 50 हजार रुपये वापस किए हैं, जो अब लोगों को बांटे गए हैं। लोगों ने बाकायदा उसकी फर्जीवाड़ा स्वीकारते हुए यह बातचीत मोबाइल में वीडियो बनाकर कैद कर ली है। अब लोग इस युवक के खिलाफ शिकायत की तैयारी में हैं। ये है आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सरकार ने कुछ एजेंसियों को ठेका दे रखा है। उन एजेंसियों ने अपने सब वेंडर नियत




कर रखे हैं। नियम के अनुसार ये वेंडर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में पूर्व में सूचना प्रसारित कर कैंप लगाते हैं। कार्ड के लिए वही व्यक्ति आवेदन कर सकता है, जिसका नाम आयुष्मान कार्ड बनने वाली सूची में पहले से शामिल है। किसी को अगर अपना नाम पता करना है तो उसे टोल फ्री नंबर पर फोन करके अपने आधार या राशन कार्ड नंबर से अपना नाम पूछना होगा या सीएचसी व आशा वर्कर के पास मौजूद सूची देखनी होगी या फिर सरकारी पोर्टल पर नाम सर्च करना होगा। तभी उसका आयुष्मान कार्ड आधार या राशन कार्ड नंबर देकर बन सकेगा। इस तरह से बना रहे फर्जी आयुष्मान कार्ड। फर्जीवाड़ा करने वाले लोग जहां भी कहीं कैंप लगा रहे हैं तो वे पहले से इसके लिए प्रशिक्षित हैं। उन्होंने या तो किसी वेंडर के यहां काम किया है या उन पर पहले से वेंडर लाइसेंस रहा है। उन्हें ये जानकारी है कि किस इलाके की सूची में अभी कम कार्ड बने हैं। वे जहां भी कैंप लगा रहे हैं, वहां 10–15 सही लोगों के आवेदन ऑनलाइन करके सही कार्ड बना दे रहे हैं। बाकी वे लोग इस तरह से फर्जीवाड़ा करते हैं कि अगर किसी रामगोपाल नाम के 45 वर्षीय व्यक्ति ने उनके पास आवेदन किया तो वे सूची में रामगोपाल सर्च करेंगे। उसमें उस उम्र के कुछ नाम मिल जाएंगे। फिर उसे आधार या राशन कार्ड नंबर से केवाईसी अपडेट के नाम पर आवेदक के नाम से आयुष्मान कार्ड बनाकर दे देंगे। फर्जीवाड़े में दोनों का नुकसान। जानकार बताते हैं कि इस फर्जीवाड़े में कार्ड बनने पर सिर्फ नाम व उम्र सही होगी। फोटो गलत होगा। आधार या राशन नंबर नए या फर्जी आवेदक का पड़ जाएगा। ऐसे में जब वह इलाज के लिए जाएगा तो उसका डेटा मिलान न होने पर उसका इलाज नहीं हो पाएगा। जिसका असली कार्ड है, उसका कार्ड भी डेटा बदल जाने के कारण खराब हो जाएगा। ये है स्थिति –12 लाख 20 हजार आयुष्मान कार्ड अपने जिले में बनने हैं –2 लाख 80 हजार आयुष्मान कार्ड अब तक बन भी चुके हैं – हाल ही में हमारे पास आयुष्मान कार्ड को लेकर किसी तरह के फर्जीवाड़े की सूचना नहीं आई है। हालांकि पिछले दिनों लखनऊ से इस तरह के फर्जीवाड़े की ओर इशारा करते हुए पत्र मिला था, जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि अगर कहीं शिकायत मिलती है तो तत्काल जांच कर पुलिस मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस मामले में भी जांच कराई जाएगी।

**– डॉ. दुर्गेश, नोडल अधिकारी आयुष्मान योजना**

# पंचायत प्रतिनिधियों से विचार–विमर्श सरकार करेगी गांव का विकास – लल्लू सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)बुधवार को जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दरबारी लाल जन सहयोगी महाविद्यालय कलुवामऊ में विधायक गोरखनाथ बाबा ने पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह व विशिष्ट अतिथि मिल्कीपुर विधानसभा प्रभारी दिनेश पांडेय रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से गांव का विकास कैसे हो इसके लिए भाजपा सरकार हर विधान सभा में सम्मेलन आयोजित कर रही है। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों से विचार– विमर्श कर गांव के विकास पर जोर दिया जाएगा । वर्तमान राज्य व केंद्र की सरकार गांव के विकास को लेकर चिंतित है क्योंकि गांव से ही होकर विकास का रास्ता निकलता है इसलिए मौजूदा सरकार गांव के हर घर तक सभी जगह बिजली ,पानी ,सड़क , वहां निवास करने वाले गरीबों को गैस सिलेंडर तथा पक्का मकान उपलब्ध करा रही है । जिससे उनके मन में कभी भी शहर व गांव का भेदभाव न पैदा हो । विधानसभा प्रभारी दिनेश पांडे ने कहा कि गांव की सरकार ही 2022 में भाजपा की सरकार बनाएगी। इसके लिए सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत



सदस्य सरकार द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का काम करें । विधायक गोरखनाथ बाबा ने सरकार के साढे 4 साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार बिना भेदभाव के लोगों को लाभ दे रही है।वही दंगे कराने वाले लोग आज जेल की हवा काट रहे हैं।बहन बेटियों की आबरू लूटने वालों का एनकाउंटर किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान विधायक गोरखनाथ बाबा ने पंचायत प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया । इसके अलावा सम्मेलन को जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन मौर्य , देवेंद्र सिंह , धर्मपाल अग्रहरि , प्रधान संघ अध्यक्ष पवन पांडेय ने भी संबोधित किया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह , शीतला बाजपेई , महेश ओझा, विनय रावत, अभिमन्यू मिश्रा ,अजीत मौर्या ,संतोष सिंह, मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या : पंखे के हुक से लटका मिला शव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मलेथू बुजुर्ग मजरे पूरे कूमेदान में कक्षा नौ की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने का कारण अभी तक नहीं पता चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर और कोतवाल इनायतनगर सहित हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच चुके हैं। बताया गया कि मंगलवार की रात ग्राम मलेथू बुजुर्ग मजरे पूरे दान निवासी राम नारायण कोरी की बेटी आसनी (15) ने छत में लगे हुए पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने बताया कि घटना के मृतका के माता पिता दवा लेने के लिए कानपुर गए हुए थे। रात में लड़की का भाई और लड़की दो ही लोग घर में मौजूद थे। बताते हैं लड़का अपने कमरे में सो रहा था और लड़की दूसरे कमरे में सो रही थी। रात में ही किशोरी ने छत के हुक के सहारे दुपट्टे से लटककर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर मिल्कीपुर सीओ राकेश सक्सेना और इनायतनगर इंस्पेक्टर राहुल कुमार तथा हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे हैं। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने बताया कि आत्महत्या करने का कारण नहीं पता चल पाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गन्ने के खते में लगी आग से वृद्ध की झुलस कर हुई दर्दनाक मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के राय पट्टी गांव में 60 वर्षीय वृद्ध की गन्ने के खेत में लगी आग से जलकर दर्दनाक मौत हो गई है।घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक राय पट्टी गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध मुरली पुत्र सोमई ने बुधवार को अपरांत करीब 2:30 बजे अपने खेत में धान की पराली को जलाया था। धान के खेत में जहां वृद्ध ने पराली जलाया था उसी से सटा हुआ राय पट्टी निवासी विवेक सिंह का गन्ने का खेत भी है। अचानक पुआल जलते समय गन्ने के खेत में गिरी गन्ने की पत्तियों को भी अपने आगोश में ले लिया।देखते ही देखते गन्ने के खेत में भी भीषण आग लग गई। गन्ने के खेत से उठती आग की लपटों को देख वृद्ध मुरली गन्ने में लगी आग को बुझाने में जुट गया आग बुझाते समय वह भी आग की चपेट में आ गया और जान बचाकर भाग नहीं पाया तथा झुलस कर मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने अग्निकांड की जानकारी फायर ब्रिगेड मिल्कीपुर सहित खंडासा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड मिल्कीपुर के हेड कांस्टेबल विजय प्रकाश द्विवेदी, एफ एम चालक विकास चौधरी, कांस्टेबल मनोज कुमार, विवेक मौर्या, संदीप यादव, उदय शंकर पांडे ग्रामीणों के साथ जब तक गन्ने के खेत में लगी आग पर काबू पाते तब तक 8 बीघा गन्ना जलकर नष्ट हो गया। उधर सूचना के बाद खंडासा थाने के एसएसआई रामप्रकाश त्रिपाठी पुलिस फोर्स के टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के बाद पोस्टमार्टम हेतु विधिक कार्यवाही शुरु कर दी।

## खाद्यान्न सुरक्षा प्रौद्योगिकी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ संपन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) केंद्रीय भंडार निगम के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत फसल कटाई के बाद खाद्यान्न सुरक्षा प्रौद्योगिकी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। नवीन मंडी परिसर स्थित केंद्रीय भंडार निगम के गोदाम में आयोजित विचार गोष्ठी में प्रगतिशील किसानों को जागरूक व प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। विचार गोष्ठी में पंजाब नेशनल बैंक के नवीन मंडी शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार व भारतीय खाद्य निगम के डिपो मैनेजर अर्पित जायसवाल व लालजी चौहान गुणवत्ता निरीक्षक ने किसानों को बैंक संबंधित ऋण, फसल कटने के बाद अनाज के भंडारण आदि विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनाज को रखने से पहले उसे अच्छी तरह से सुखा लेना चाहिए। जिससे अनाज में नमी न रहे। अनाज में नमी रहने पर कीड़े लगने की अधिक संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि भंडारण से पूर्व गोदाम व बखारी की अच्छी तरह से सफाई करनी चाहिए। जिस स्थान पर भंडारण किया जाना हो, वहां पर पर्याप्त हवा और रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि भूमि पर भंडारण किया जा रहा है तो उसके नीचे लकड़ी का स्टैंड होना चाहिए। जिससे बोरों में हवा जा सके साथ ही वहां दवा आदि डाली जा सके। श्री चौहान ने कहा कि चूहा अनाज के भंडारण में प्रमुख समस्या है। इसके निवारण के लिए चूहा मारने की दवा प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को दवाओं के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक श्री जायसवाल ने किसानों को केंद्रीय भंडारण निगम के गोदामों में अनाज के भंडार के फायदे गिनाए। विचार गोष्ठी में शामिल हुए 50 से ज्यादा किसानों को केंद्रीय भंडार निगम द्वारा गिफ्ट भेंट देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में केंद्रीय भंडार निगम के प्रबंधक राहुल शुक्ला, गोदाम इंचार्ज काशीराम, प्रदीप कुमार सिंह, नंदलाल, दिव्य प्रकाश व रणबीर सिंह, उदयराज सिंह, राकेश, आरके समेत अन्य अधिकारी / कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।

# विरांगना उदा देवी पासी सामाजिक चेतना सम्मेलन कर मनाया गया बलिदान दिवस

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहीद दिवस रुदौली विधानसभा क्षेत्र के नेवाजपुर नहर कोठी में मंगलवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इसमें ऊदा देवी व उनके पति मक्का पासी की वीरता पर प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव मौजूद रहे।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता धमसादीन पासी(सेवानिवृत्त अध्यापक)ने किया।इस मौके पर राम देव पासी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी व उनके पति मक्का पासी ने देश को आजादी दिलाने के लिए विशेष योगदान दिया था।उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेकर उनके छक्के छुड़ा दिए थे।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप मे मौजूद क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव ने विरांगना उदा देवी पासी के जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीरांगना उदा देवी का जन्म लखनऊ के उजरियाव गांव में हुआ था।उनकी शादी लखनऊ के ही उदय गांव निवासी मक्का पासी संग हुई थी।मक्का पासी वाजिद अली शाह की शाही सेना में हवलदार थे। 10 जून 1857 को अंग्रेजों के साथ हुए युद्ध में मक्का पासी शहीद हो गए थे।1857 की प्रथम स्वतंत्रता की लड़ाई लखनऊ में बेगम हजरत महल ने संभाली थी।उसी बटालियन में महिला बटालियन की प्रमुख वीरांगना उदा देवी थी।16 नवंबर 1857 में सिकंदराबाग लखनऊ में अंग्रेजों संग हुए युद्ध में वीरांगना उदा देवी शहीद हो गई थीं।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जग प्रसाद पासी,भाजपा नेता निर्मल शर्मा,पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव,तेज तिवारी,दीप चंद्र यादव,मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा,अरविन्द कुमार शास्त्री, मनीराम शास्त्री,रोमी पासी,औहरवा दीन पासी,राम मिलन रावत,राधेश्याम प्रधान,भारत पासी,मायाराम पासी,जगन्नाथ रावत,विनय रावत,ननकू पासी सहित सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सर्किट हाउस में महिलाओं की समस्याओं से हुई रुबरु

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम अयोध्या जिले के सर्किट हाउस मे जाकर महिलाओं की समस्याओं से रुबरु हुई। इस मौके पर वो जिला प्रशासन पर नाराज भी दिखी।वहां पर नदारद एडीएम,सिटी मजिस्ट्रेट,एसडीएम पर काफी नाराज दिखी।इस मौके पर उन्होने कहा कि जब संबंधित अधिकारी व कर्मी नदारद रहेगे तो कैसे महिलाओं की समस्याओं का समाधान होगी।इस मौके पर महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने योगी सरकार के मिशन शक्ति की तारीफ करते हुये कहा कि इस समय थानों में जो महिला हेल्प डेस्क महिलाओं के लिये बनी है वह काफी कारगर दिखाई दे रही है।मालूम हो कि जिले में महिला थाना एक ही होता है।जबकि महिलाओं की समस्याएं पूरे जिले में है।वही अब जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क खुलने से महिलाओं की समस्याओं का समाधान हो रहा है।जो महिलाएं अपनी बातें पुरुष पुलिस कर्मियो से नहीं कह पाती वही वे महिला पुलिस कर्मियो से ही अपनी बातें शेयर कर लेती है।उन्होने कहा कि महिला मिशन शक्ति के तहत थानों में बने महिला डेस्क महिलाओं के लिए रामबाण साबित हो रही है।

## स्वच्छता से महात्मा गांधी के सपनों का भारत करें निर्माण – आर एन यादव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले में बुधवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय के निर्देश पर मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव की अध्यक्षता में अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रधान डाकघर से रिकाबगंज तक पद यात्रा रैली निकाली । कर्मियों ने दैनिक जागरण चौराहा, डाकघर के सामने दुकानदार एवं राहगीरों को आसपास साफ सफाई के साथ साथ कोविड़–19 से बचाव के लिए परस्पर दूरी, सैनिटाइजर एवं मास्क के लिए जागरूक किया गया । इस दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर श्री यादव ने कार्यालय की सुंदरता को सवारने के लिए एक एक कर्मचारी को मार्ग दर्शित करते हुए कहा कि भारत को स्वच्छ रखकर महात्मा गांधी के सपनों के भारत का निर्माण होगा । हम सब को खुद को स्वच्छ रखते हुए आसपास के सार्वजनिक स्थलो पर गन्दगी फैलाने वालों तथा बीमारी से लड़ने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है जिससे महात्मा गांधी के सपनों का भारत निर्माण किया जा सके । साथ ही यह भी कहा कि भारत स्वच्छ अभियान में डाक कर्मी द्वारा समय समय लोगो को जागरूक करने का अभियान भी चला रहा जिससे भारत को बीमारियों से मुक्त, एवं स्वच्छ रखकर प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके । साथ ही यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने पुनः भारत को स्वच्छ बनाने का सपना संजोया है उनका साथ ही भारत को बीमारी मुक्त, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत बनाएगा और बताया कि गन्दगी के कारण देश में तरह तरह की बिमारी जन्म ले रही है इसकी लड़ाई हम अपने आस पास की साफ सफाई करके ही बीमारियों को दूर भगा सकते है इसके लिए हमे अपने घरो एवं उसके आस पास से ही साफ सफाई की शुरुआत करनी चाहिए । इस अवसर पर जय प्रकाश, अल्का गौड़, धीरेंद्र दुबे, जय शंकर प्रसाद वर्मा, अनुज यादव, अजीत सिंह पंकज सिंह, सहित दर्जनों डाक कर्मी सफाई में मौजूद रहे ।

## अयोध्या विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के मिशन 2022 का किया शुभारंभ

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अयोध्या के विभिन्न मंदिरों में पूजन अर्चन कर भारतीय जनता पार्टी के मिशन 2022 का शुभारंभ किया , इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी अयोध्या मंडल के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव जी के आवास पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं पत्रकारों के साथ चाय वार्ता कर अपने कार्यकाल एवं सरकार की उपलब्धियां गिनाकर भविष्य की संकल्पना बताई । सिद्दार्थ श्रीवास्तव जी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के हितों के लिए कार्य करती है एवं सभी माननीय एक नियमित अंतराल पर सभी जन सामान्य देव तुल्य विधानसभा वासियों से मिलकर मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं , इसी क्रम में विधायक ने कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जानकर योगी जी के मिशन को साकार करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान कर रहे हैं । आज के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष महानगर रवि शर्मा उम्मीद एक आस के अध्यक्ष एवं महानगर मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा आशीष श्रीवास्तव पार्षद प्रतिनिधि अनुसूचित मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक सागर पार्षद नंदलाल गुप्ता सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ शर्मा पिछड़ा वर्ग मीडिया प्रभारी महेंद्र गुप्ता पत्रकार सूर्यांश मिश्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर सह संयोजक अर्पित श्रीवास्तव हर्षित श्रीवास्तव रौनक श्रीवास्तव अमरजीत ओम प्रकाश पांडे जी आचार्य स्मृति सागर चंद्रमौली पांडे महंत मनीष मिश्रा बाबा अनुराग श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव सोमिल गुप्ता रंजीत गौतम प्रदीप पांडे आदि मोहल्ले वासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अशोक सिंघल की प्रेरणा से ही जम्मू और कश्मीर से हटा अनुच्छेद 370 और 35ए

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों ने विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंघल की प्रतिमा प्रयागराज के किसी चौराहे पर लगाए जाने की मांग की है। अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर हाईकोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में एक बैठक का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि दी गई तथा मांग की गई की अशोक सिंघल राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता थे और उनके प्रयासों के फलस्वरूप ही आज राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।इसलिए उनकी प्रतिमा प्रयागराज में लगाई जानी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता व भाजपा कार्य परिषद के सदस्य मृत्युंजय तिवारी का कहना था कि अशोक सिंघल की प्रेरणा से ही धारा 370 और 35ए जम्मू और कश्मीर से हटाई गई है। वह प्रयागराज की शान थे और उन्होंने पूरे देश में हिंदुत्व की लड़ाई लड़ी। बैठक में यह संकल्प लिया गया अशोक सिंघल की प्रतिमा लगवाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और मुख्यमंत्री से इसकी मांग की जाएगी।बैठक में नंदलाल पटेल, राजेश त्रिपाठी, अनिल पांडे, राजेंद्र पांडे, एनसी त्रिपाठी, संजय मिश्र, विदुप अग्रहरी, नीरज दीक्षित, शैलेंद्र अवस्थी, उमाशंकर तिवारी ,दुर्गेश तिवारी, पतंजलि, राजकिशोर ,रामचंद्र ,पवन श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश अस्थाना, शिवम द्विवेदी, अमित दुबे, भरत निषाद, अनिल भट्ट, भानु मिश्रा आदि मौजूद थे। तीर्थपुरोहितों ने कहा, अशोक सिंहल हमारे प्रेरणास्रोत। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ एवं धर्म यात्रा महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अशोक सिंहल की छठी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर संगम क्षेत्र में तीर्थयात्रियों के बीच प्रसाद वितरण के बाद प्रदेश महामंत्री अमित आलोक पांडे ने कहा, अशोक सिंहल हमारे प्रेरणास्रोत हैं। उन्हीं के दिशानिर्देशों पर चलाए गए अभियान और आंदोलनों की वजह से ही आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। वह आजीवन एक संत की तरह सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए मार्गदर्शन करते रहे। कार्यक्रम में जय बहादुर सिंह, शेरसिंह शर्मा, सुरेंद्र यादव,श्यामबाबू पटेल, नरेंद्र पांडे,वीरेंद्र तिवारी, सुदामा तिवारी, राहुल निषाद आदि मौजूद थे। देश के लोक जीवन में जो चुप्पी वही भारतीय जीवन। लोक जीवन में भारतीय चेतना में लोक को छोड़ दिया जाय तो हमने जो शहर गढ़े हैं, उनकी भारतीय चेतना विलुप्त हो गई है। लोक से भारत के तथाकथित प्रबुद्ध जन यही समझते हैं कि वह ग्रामीण, पिछड़ा है और उसको मुख्यधारा में लाना है। लेकिन सवाल ये हैं कि यह मुख्यधारा किसने तय की है। क्या अमेरिका, यूरोप ने यह मुख्यधारा तय की? बुधवार को यह बातें पद्म श्री सम्मान से सम्मानित डा. कपिल तिवारी से विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंहल की पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यान में कही। स्वर्गीय अशोक सिंहल के आवास महावीर भवन में स्थापित अरुंधती वशिष्ठ अनुसंधान पीठ की ओर से 'लोक जीवन में भारतीय चेतना' विषयक व्याख्यान में डा. कपिल तिवारी ने कहा कि भारत के लोक जीवन में जो चुप्पी है वही भारतीय जीवन है। भारतीय जीवन की चुप्पी शांत तरीके से चेतना को जीवित किए है। आज की जो आधुनिकता है वह औपनिवेशिक काल से विकसित हुई। भारत वास्तव में सनातन है। जिस क्षण हम अपनी परंपरा भूल गये समझ लो अपनी मां को भूल गये। परंपरा मां की तरह है। उसी ने उंगली पकड़कर चलना सिखाया। उंगली पकड़कर हमने ऐसी दौड़ लगाई और लौटकर नहीं देखा। मां कहां हैं, भाषा कहां हैं। लेकिन अब भारत की चेतना में सदियों बाद परिवर्तन हो रहा है। हम विदेशियों की नहीं बल्कि अपनी आंखों से परंपराओं को देखना शुरू कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने की। इस दौरान अरुंधती पीठ के राष्ट्रीय संयोजक डा. चंद्र प्रकाश ने कहा कि स्वर्गीय सिंहल का जन्म भले ही आगरा में हुआ हो लेकिन प्रयागराज उनकी कर्मभूमि थी। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। इस अवसर पर देश के पूर्व अतिरिक्त महान्यायवादी अशोक मेहता, पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. नरेंद्र कुमार सिंह गौर, डा. हरिवंश दीक्षित, प्रो. रामेंद्र सिंह, कृष्ण चंद्र, विमल प्रकाश, सुरेश अग्रवाल, मनीष गोयल, आशुतोष श्रीवास्तव, अजीत, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे। अशोक सिंहल का जीवन हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत। राम जन्मभूमि आंदोलन के नायकों में शुमार विहिप के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल की पुण्यतिथि पर संगठन के प्रांत कार्यालय में उन्हें नमन किया गया। यहां सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद वितरण आदि का आयोजन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश गजेंद्र सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सिंहल का जीवन हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत है। अशोक सिंहल की छठवीं पुण्यतिथि के मौके पर गजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र, धर्म एवं संस्कृति के लिए हमेशा कार्य किया। केसर भवन में अशोक सिंहल के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कुमार ने कहा कि वह श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन, रामसेतु रक्षा आंदोलन, अमरनाथ यात्रा के आंदोलनों के प्रमुख रणनीतिकार रहे। उनका सिर्फ एक लक्ष्य था भारतवर्ष अपने परम वैभव को प्राप्त करे। इस दौरान सांसद केशरी देवी पटेल ने भी केसर भवन आकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां विधायक हर्ष वर्धन बाजपेयी, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख आद्याशंकर, सुरेश अग्रवाल, सुनील सिंह, अमित पाठक, विनोद अग्रवाल, अश्वनी मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर विहिप के गोरक्षा विभाग के कीडगंज स्थित कार्यालय में भी सुंदरकांड का पाठ हुआ। यहां प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी, अमरनाथ तिवारी, अमित सिंह, नितिन भरद्वाज, संजय सिंह राणा आदि की मौजूदगी रही।

# प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना में सत्ताइस सड़के जिले में हुई चयनित

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या सांसद लल्लू सिंह के प्रयासों की बदौलत लोकसभा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 27 सड़के स्वीकृत हुई है। इन सड़को की कुल लम्बाई 189.845 किमी व लागत 133 करोड़ 32 लाख 65 हजार है।जिसमें ट्रेंडर प्रक्रिया चल रही है।अगले महीने से इनमें निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो जायेगा। वहीं इस योजना के तहत अभी 153 किमी की 17 सड़को की स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है। जिनमें जल्द स्वीकृति मिल जायेगी।भाजपा सांसद के मुताबिक गांवों के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। बेहतर सड़के किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। गांवों को मुख्य मार्गों तक बेहतर सड़के प्रदान की जा रही है। इससे रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को भी सम्बल मिलता है। किसानों व मजदूरों का उत्थान सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसके लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। सड़को में विल्लाहरघाट से फतेहपुर मुमताजाबाद, आचारी सगरा से फिरोजपुर, एनएच 27 रायपुर से मानापुर मोकलपुर होते हुए फैजाबाद रायबरेली रोड़ तक, मुबारकगंज से रामशरनदासपुर नाला तक, सोहावल नहर पुल से ड्योढ़ी होते हुए पूरे लोध तक, अस्तीकन से मवई कला होते हुए 5 नम्बर टेलीफोन एक्सचेंज तक, अमरगंज से नागीपुर तक, गुदरही बाजार से संतनगर चौराहा तक, उधरनपुर तिराहा से पूरे भदरी होते हुए इटौजा तक, बीकापुर इनायतनगर रोड से कोछा बाजार तक , तोरोमाफी दराबगंज से रामपुर भगन, जलालपुर से काजी सराय तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड से बोधरी तक, अयोध्या प्रयागराज से महावा होते हुए गोपालपुर तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड रामनगर चौराहे से मउ तक, सिधौरा से देविगिरी होते हुए धरमगंज तक, टी–01 से हरिनाथपुर तक, टी–04 से नहली का पुरवा होते हुए बसवार खुर्द तक, धरमगंज से जगन का पुरवा होते हुए शाहगंज इसौली मार्ग तक, फैजाबाद इलाहाबाद रोड पर 20 किमी से इनायतनगर तक, चिखड़ी से घाटमपुर होते हुए फैजाबाद रायबरेली मार्ग तक, रुदौली से सिधारपुर तक, एनएच–27 से भिटौरा तक, शुजागंज से कैथी तक, इब्राहिमावाद से जेठबनी तक, दरियाबाद वदोसराय रोड से अकोहरा तक, लोधपुरवा से अकबरपुर तक की सड़के शामिल है।

# अवाम का सिनेमा 15वां अयोध्या फिल्म समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)अवाम का सिनेमा आयोजन समिति द्वारा बुधवार की दोपहर 15वां अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन आईटीआई सभागार में किया गया। अयोध्या फिल्म समारोह के संस्थापक शाह आलम ने कहा कि इस वर्ष आजादी का हीरक वर्ष चल रहा है इस लिहाज से यह आयोजन यादगार साबित होगा। सूबे में सबसे पहले शुरू हुए इस फिल्म समारोह के 15वें संस्करण के आयोजन से देश–विदेश के सरोकारी फिल्मकारों के बीच अयोध्या से स्वर्णिम खिड़की खुलेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होने वाले अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर के विमोचन के दौरान विभिन्न विभागों के शिक्षक और कर्मचारियों के अलावा अवाम का सिनेमा के सदस्य्य भी मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से अयोध्या मंडल के संयुक्त निदेशक डी.के. सिंह, आईटीआई प्रिंसपल इं. के.के. लाल, डॉ. सम्राट अशोक मौर्य, सूर्यकांत पांडेय, ओमप्रकाश सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, कश्यप कांत मिश्र, आशीष अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, सूरज यादव, आचार्य नारायण मिश्र, शाह आलम, अंतरिक्ष श्रीवास्तव की मौजूदगी रही। आयोजक मंडल ने बताया कि पोस्टर रिलीज होने के साथ ही समारोह की तैयारियां अब गति पकड़ ली है। आयोजन में देश विदेश से आने वाले सिनेमा और साहित्य्य जगत की हस्तियों के साथ ही फिल्मों का मेला भी अब सजने वाला है। जहां कला माध्यमों को समेटे विभिन्न आयोजन होंगे। कुछ इस तरह शुरू हुआ सिलसिला, आयोजक शाह आलम बताते हैं कि अवाम का सिनेमा के 16 वर्ष कुछ कम नहीं होते, इसके सफरनामे की शुरुआत 28 जनवरी 2006 को अयोध्या से हुई थी। तब डॉ. आरबी राम ने तीन सौ रुपये का आर्थिक सहयोग देकर क्रांतिवीरों की यादों को सहेजने की इस पहल का स्वागत किया था। आजादी आंदोलन के योद्धा और कानपुर बम एक्शन के नायक अनंत श्रीवास्तव के सुझाव पर बना इसका संविधान तो प्रसिद्ध और सरोकारी डिजाइनर अरमान अमरोही ने इसका लोगो बनाया। सोलह वर्षों में देश–दुनिया की बहुत सारी शख्सियतें इसकी गवाह बनीं, फिर भी वह दौर आसान नहीं था। बावजूद इसके अयोध्या से लेकर चाहे चंबल का बीहड़ हो, राजस्थान का थार मरुस्थल या फिर सुदूर कारगिल, अवाम का सिनेमा पुरजोर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राजनीति, समाज सबकी सच्चाइयों को सरोकारी सिनेमा के जरिये समाने लाने की कोशिश में लगातार लगा हुआ है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।